# कार्यालय नगरपालिका मण्डल नीमकाथाना (सीकर)
## बैठक कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 11.02.2016 को प्रातः 11.30 बजे से नीमकाथाना न0पा0 मण्डल की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष श्री त्रिलोक दीवान की अध्यक्षता में प्रारम्भ की गयी। जिसमें निम्नानुसार सदस्यगण उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | माननीय श्रीमान् त्रिलोक दीवान | अध्यक्ष |
| 2 | '' '' राजेन्द्र कुमार | उपाध्यक्ष |
| 3 | '' श्रीमति विधा | सदस्या |
| 4 | '' श्रीमती कमला | सदस्या |
| 5 | '' '' अणची | सदस्या |
| 6 | '' श्रीमान् हीमेश कुमार | सदस्य |
| 7 | '' '' रतन | '' |
| 8 | '' श्रीमती सन्तोष | सदस्या |
| 9 | '' श्रीमान् जयप्रकाश | सदस्य |
| 10 | '' '' रूड़मल | '' |
| 11 | '' '' लेखराज | '' |
| 12 | '' श्रीमति अंजु देवी | सदस्या |
| 13 | '' श्रीमान् रमेश | सदस्य |
| 14 | '' '' जयचन्द | '' |
| 15 | '' '' छगनलाल | '' |
| 16 | '' '' बाबूलाल | '' |
| 17 | '' '' शम्भूदयाल | '' |
| 18 | '' श्रीमती विद्या | सदस्या |
| 19 | '' श्रीमान् शशिकान्त | सदस्य |
| 20 | '' '' गिगाराम | '' |
| 21 | '' श्रीमति तीजा देवी | सदस्या |
| 22 | '' श्रीमान् होशियार सिंह लाम्बा | सदस्य |
| 23 | '' '' गिरधारी | '' |
| 24 | '' श्रीमती मोनू | सदस्या |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् बैठक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी :–

**प्र0सं0 1 पुर्ननियोजित बजट 2015–16 पर विचार।**

अध्यक्ष महोदय द्वारा वित्त वर्ष 2015–16 का पुर्ननियोजित बजट अनुमोदन हेतु मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस पर मण्डल द्वारा नगरपालिका नीमकाथाना का वर्ष 2015–16 के पुर्ननियोजित बजट पर विचार विमर्श कर निम्नानुसार सर्व सम्मति से वर्ष 2015–16 का पुर्ननियोजित बजट पारित किया गया :–

**(राशि लाखों में)**

| क.सं. | आय | राशि | क.सं. | व्यय | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (अ) राजस्व आय | 559.87 | 1 | (अ) राजस्व व्यय | 537.62 |
| 2 | (ब) पूंजीगत आय | 772.00 | 2 | (ब) पूंजीगत व्यय | 524.40 |
| | **यौग :–** | 1331.87 | | **यौग :–** | 1062.02 |
| 3 | (स) प्रारम्भिक शेष | 565.98 | 3 | (स) अन्तिम शेष | 835.83 |
| | **यौग :–** | 1897.85 | | **यौग :–** | 1897.85 |

इसके अलावा मण्डल द्वारा वित्त वर्ष 2014–15 में बजट मदों में अधिक व्यय हुयी राशि का बजट मदवार अनुमोदन किया गया, जो इस प्रकार हैं 210–10–02 में 222.78 लाख, 210–10–04 में 1.81 लाख, 210–10–06 में

0.91 लाख, 220–20–02 में 0.12 लाख, 230–10–01 में 7.10 लाख, 230–53 में 4.38 लाख, 230–59–03 में 0.29 लाख, 260–33 में 35.94 लाख, 260–35 में 3.73 लाख, 410–30–3 में 52.55 लाख, 410–33–1 में 14.23 लाख, 410–33–2 में 1.00 लाख, 410–50–6 में 5.48 लाख, 460–40–5 में 94.79 लाख, 470–10–4 में 3.46 लाख रूपये। मण्डल द्वारा पुर्ननियोजित बजट वर्ष 2015–16 व वित्त वर्ष 2014–15 में उक्त मदों में व्यय हुयी राशि का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया।

**प्र0सं0 2 बजट प्रस्ताव 2016–17 पर विचार।**

अध्यक्ष महोदय द्वारा बजट प्रस्ताव 2016–17 सदन के समक्ष मदवार पढकर सुनाया गया। मण्डल द्वारा नगरपालिका नीमकाथाना का वर्ष 2016–17 के बजट प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। श्री राजेन्द्र महरानियां ने कहा कि रोशनी व्यवस्था हेतु बजट मद 410–33–02 में बजट व्यय प्रावधान बढाये जाने हेतु निवेदन किया। उक्त प्रस्ताव का श्री जयप्रकाश, पार्षद ने भी समर्थन किया। इस पर मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से रोशनी व्यवस्था हेतु बिजली लाईन वृद्धि के लिये रखे गये व्यय प्रावधान को 10 लाख से बढाकर 25 लाख रू0 किये जाने का निर्णय लिया गया। बाद विचार विमर्श कर मण्डल द्वारा सर्व सम्मति निम्नानुसार वित्त वर्ष 2016–17 के लिए बजट पारित किया गया :–

**(राशि लाखों में)**

| क.सं. | आय | राशि | क.सं. | व्यय | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (अ) राजस्व आय | 1369.73 | 1 | (अ) राजस्व व्यय | 1492.42 |
| 2 | (ब) पूंजीगत आय | 847.40 | 2 | (ब) पूंजीगत व्यय | 1098.50 |
| | **यौग :–** | 2217.13 | | **यौग :–** | 2590.92 |
| 3 | (स) प्रारम्भिक शेष | 835.83 | 3 | (स) अन्तिम शेष | 462.04 |
| | **यौगः–** | 3052.96 | | **यौगः–** | 3052.96 |

**प्र0सं0 3 रेल्वे बुगदा व मोदी मील के पास जलभराव समस्या के संबंध में विचार।**

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि रेलवे बुगदा व मोदी मील के पास जलभराव समस्या के संबंध में पूर्व में मंडल की अत्यावश्यक बैठक बुलायी जाकर निर्णय लिये गये थे। इसके अलावा बताया कि रेल्वे लाईन के पूर्व साईड में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जाने पर शाहपुरा रोड़ पर पेट्रोल पम्प के पिछे से लेकर रेल्वे बुग्दा तक बसी हुयी कॉलोनी का पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पायेगा। रेल्वे बुगदा के पास एकत्रित होने वाला पानी व शाहपुरा रोड़ पर पेट्रोल पम्प के पिछे से लेकर औद्योगिक क्षेत्र तक बसी हुयी कॉलोनी का पानी प्राकृतिक रूप से राणासर रोड़ तक जा सकता है तथा वहां सरकारी भूमि की भी उपलब्धता है। अतः पूर्व मण्डल बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट राणासर रोड़ के पास लगाया जाना उचित होगा। इसी प्रकार मोदी मील के पास भरने वाला पानी भी प्राकृतिक रूप से जोड़ला जोहड़ा तक लाया जाकर आयकर विभाग कार्यालय के सामने नगरपालिका की खाली भूमि में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट लगाया जा सकता है। इस पर श्री जयचन्द डांगी व श्री रमेशकुमार ने बताया कि नई सब्जी मण्डी के पास भरने वाले पानी को भी प्राकृतिक रूप से भावरियों की ढाणी के पास स्थित नदी तक ले जाया जाना उचित होगा। जिससे उक्त कॉलोनी की समस्या का समाधान स्थाई रूप से हो सकेगा।

बाद विचार विमर्श कर मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नई सब्जी मण्डी के पास एकत्रित होने वाले गंदे पानी की निकासी हेतु डीपीआर तैयार करवायी जावे तथा डीपीआर अनुसार उक्त कार्य पर व्यय होने वाली राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है, साथ ही जब तक उक्त कार्य की डीपीआर बनकर तैयार हो तथा कार्य पूर्ण हो, तब तक के लिए एक ट्रैक्टर अनुबन्ध पर लिया जाकर पालिका में उपलब्ध मैला टैंकर से प्रतिदिन पानी उठवाया जाकर अन्यत्र डलवाने की व्यवस्था की जावे। इसके साथ ही मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से राणासर रोड़ व जोड़ला जोहड़ा में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट लगाये जाने तथा वहां तक आवश्यकतानुसार नाला/नाली बनाये जाने पर होने वाली व्यय राशि तथा रेलवे से स्वीकृति पर होने वाली व्यय राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी।

**प्र0सं0 04 कर्मचारियों की अवधारणा के संबंध में कार्यपालक समिति द्वारा लिये गये निर्णय के संबंध में विचार।**

अध्यक्ष महोदय ने सदन को कार्यपालक समिति द्वारा नगरपालिका में कर्मचारियों की अवधारणा के संबंध में लिया गया निर्णय पढकर सुनाया गया।

बाद विचार विमर्श कर मण्डल द्वारा नगरपालिका में कार्य की अधिकता को देखते हुये सर्वसम्मति से कर्मचारियों के पदों की अवधारणा निम्न प्रकार किये जाने का निर्णय लिया गया :–

| क. सं. | पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद | अवधारण पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिशाषी अधिकारी | 1 | 1 | 0 | 1 |
| 2 | कनिष्ठ अभियन्ता | 1 | 1 | 0 | 1 |
| 3 | सहायक राजस्व निरीक्षक | 1 | 0 | 1 | 1 |
| 4 | लेखाकार | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | लेखा सहायक | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 6 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | लिपिक ग्रेड प्रथम | 2 | 1 | 1 | 4 |
| 8 | लिपिक ग्रेड द्वितीय | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 9 | सूचनासहायक (कम्प्यूटर डिप्लोमाधारी) | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 10 | सबनाकेदार | 1 | 1 | 0 | 1 |
| 11 | फायरमैन | 5 | 4 | 1 | 5 |
| 12 | वाहन चालक (फायरमैन) | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 13 | इलेक्ट्रीशियन (डिप्लोमाधारी) | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 14 | विधुत सहायक (डिप्लोमाधारी) | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 15 | वाहन चालक | 3 | 2 | 1 | 7 |
| 16 | चौकीदार | 1 | 1 | 0 | 3 |
| 17 | बागवान | 1 | 1 | 0 | 1 |
| 18 | सहायक भू प्रबंधक | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 19 | सफाई निरीक्षक | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 20 | जमादार | 1 | 0 | 1 | 7 |
| 21 | सफाई कर्मचारी | 81 | 29 | 50 | 150 |
| 22 | सहायक कर्मचारी | 16 | 8 | 8 | 8 |
| 23 | पम्प ड्राईवर | 02 | 0 | 02 | 02 |
| 24 | लाईट मैकेनीक | 01 | 0 | 01 | 01 |
| 25 | ड्राफ्टमैन सर्वेयर | 01 | 0 | 01 | 01 |

मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से उक्तानुसार पदों का अवधारण कर सर्वसम्मति से उक्तानुसार नगरपालिका नीमकाथाना में पद स्वीकृत कर नियुक्तियां किये जाने हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

**प्र0सं0 05 सफाई उपकरण कय किये जाने के संबंध में विचार।**

अध्यक्ष महोदय ने बताया कि पालिका क्षैत्र में कई गली–मौहल्लों में पालिका के ट्रैक्टर –ट्रोली जगह संकरी होने के कारण से कचरा परिवहन करने में काफी समस्या होती है। अतः

कचरा परिवहन हेतु चार पहिया ऑटो टीपर गाड़ी क्रय किया जाना उचित रहेगा। जिससे पालिका क्षैत्र में सफाई व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

बाद विचार विमर्श कर मण्डल द्वारा एक चार पहिया ऑटो टीपर गाड़ी क्रय किये जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी।

तत्पश्चात् सभी सदस्यों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालाय निर्माण व स्टेट ग्रांट एक्ट पट्टा व अन्य एजेण्डा चर्चा कर निर्णय लिये जाने हेतु आज की बैठक में शामिल करने के लिए अध्यक्ष महोदय को निवेदन किया। इस पर अध्यक्ष महोदय ने स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकार निम्न प्रस्ताव एजेण्डे में शामिल कर विचार किया गया :-

**अन्यप्र0सं01 स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण पर विचार।**

श्री जयप्रकाश, पार्षद ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार नगरपालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरपालिका क्षेत्र में शौचालयविहीन परिवारों को शौचालय निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर सहयोग राशि उपलब्ध करवायी जा रही है। लेकिन पालिका में आवेदन प्रस्तुत करने के उपरान्त भी कुछ वार्डों में एक भी शौचालयविहीन परिवारों को अभी तक राशि उपलब्ध नहीं करवायी गयी है तथा उनके आवेदन पत्र भी पालिका में उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इस पर सभी पार्षदों ने इसका समर्थन किया व अध्यक्ष महोदय से इस संबंध में उचित निर्णय लिये जाने हेतु निवेदन किया।

इस पर अध्यक्ष महोदय ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरपालिका क्षेत्र में शौचालयविहीन परिवारों द्वारा सहयोग राशि प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्रों के संबंध में उचित कार्यवाही कर हल्का जमादारों से जांच करवाने, अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच करने व जिस भी कर्मचारी की इस कार्य में लापरवाही रही है, उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्णय लिये जाने के लिए मण्डल सदस्यों की समिति बनाई जानी उचित होगी।

बाद विचार विमर्श कर समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाकर शौचालयविहीन परिवारों द्वारा सहयोग राशि प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्रों के संबंध में उचित कार्यवाही कर हल्का जमादारों से जांच करवाने, अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच करने हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया गया :-

1. श्री राजेन्द्र महरानियां, समिति अध्यक्ष
2. श्री जयप्रकाश, समिति सदस्य
3. श्री शम्भूदयाल, समिति सदस्य

साथ ही समिति द्वारा निर्णय लिया गया, कि उक्त कार्य में किसी पालिका कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है, तो उक्त समिति को उसके विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्णय लिये जाने का पूर्ण अधिकार होगा।

**अन्यप्र0सं02 स्टेट ग्रान्ट एक्ट की पट्टा पत्रावलियों पर विचार।**

मण्डल सदस्यों द्वारा अधिशाषी अधिकारी से स्टेट ग्रांट एक्ट के तहत जिन पत्रावलियों में कनिष्ठ अभियंता व हल्का पटवारी की रिर्पोट प्राप्त हो चुकी है तथा पालिका द्वारा आपत्ति आमंत्रण किया जा चुका है तथा कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुयी है, वे पत्रावलियां चाही गयी। इस पर अधिशाषी अधिकारी द्वारा पत्रावलियां सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

मण्डल द्वारा पत्रावलियों का गहनता से अवलोकन किया जाकर बाद विचार विमर्श सर्वसम्मति से निम्न पत्रावलियों में स्टेट ग्रांट एक्ट के तहत पट्टे जारी किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी :-

1. श्री प्रहलाद मीणा पुत्र श्री मांगूराम, वार्ड नं. 05, पथवारी का मौहल्ला, नीमकाथाना
2. श्री उम्मेदसिंह पुत्र स्व0 श्री बेरीसाल सिंह, वार्ड नं. 10, राजपूतों की कोटड़ी, नीमकाथाना
3. श्री चिमनसिंह पुत्र स्व0 श्री भगवानसिंह, वार्ड नं. 10, राजपूतों की कोटड़ी, नीमकाथाना
4. श्रीमती सिनगारी देवी पत्नी श्री बनवारीलाल, वार्ड नं. 11, नागों का मौ0, नीमकाथाना

**अन्यप्र0सं03 वार्ड नं. 13 में राम मन्दिर के पास स्थित सूखे कुऐं तथा उसके आसपास स्थित चबूतरानुमा जगह को हटाने पर विचार।**

श्रीमती अंजू देवी, सदस्या व श्री जयचन्द डांगी, सदस्य ने अध्यक्ष महोदय को बताया कि दिनांक 18.09.2015 की मण्डल बैठक के प्र0सं0 07 में वार्ड नं. 13 में राम मन्दिर के पास स्थित सूखे कुऐं तथा उसके आसपास स्थित चबूतरानुमा जगह को हटाने के संबंध में निर्णय लिया गया था। लेकिन उसके उपरान्त इस पर आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुयी। इस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिशाषी अधिकारी से संबंधित पत्रावली चाही गयी। इस पर अधिशाषी अधिकारी द्वारा पत्रावली प्रस्तुत की गयी।

अध्यक्ष महोदय द्वारा पत्रावली सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी। मण्डल द्वारा पत्रावली का गहनता से अवलोकन किया जाकर बाद विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वार्ड नं. 13 में राम मन्दिर के पास शहीद जेपी यादव राजकीय विधालय के पूर्व दिशा में स्थित सूखे कुऐं तथा उसके आसपास स्थित चबूतरानुमा जगह को हटाये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसमें पालिका मण्डल की कार्यपालक समिति द्वारा लिये गये निर्णय की अनुपालना में पालिका द्वारा अखबार में आमजन हेतु आपत्ति सूचना जारी की गयी थी। जिसके कम में पालिका में एक आपत्ति प्राप्त हुयी। तत्पश्चात् पालिका द्वारा आपत्तिकर्ता को नोटिस जारी किया जाकर मिल्कियत सबूत चाहे गये थे। लेकिन आपत्तिकर्ता द्वारा कोई भी मिल्कियत सबूत आज दिनांक तक प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः वार्ड नं. 13 में राम मन्दिर के पास शहीद जेपी यादव राजकीय विधालय के पूर्व दिशा में स्थित सूखे कुऐं तथा उसके आसपास स्थित चबूतरानुमा जगह को पालिका द्वारा हटाये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है तथा उक्त कार्य हेतु व्यय होने वाली राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बाद सधन्यवाद अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक कार्यवाही समाप्त की गयी।

**एस.डी. /–**
**अध्यक्ष**
**नगरपालिका नीमकाथाना।**

**एस.डी. /–**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका नीमकाथाना**

कमांकःन0पा0नीम0 / 2015–16 / दिनांकः

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान् उपशासन सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
2. श्रीमान् जिला कलेक्टर महोदय, सीकर।
3. श्रीमान् उपनिदेशक(क्षैत्रीय)महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, राज0 जयपुर।
4. श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, नीमकाथाना।
5. माननीय श्री प्रेमसिंह बाजोर, अध्यक्ष महोदय, सैनिक कल्याण बोर्ड, राजस्थान सरकार
6. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नीमकाथाना।
7. श्रीमान् उपाध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नीमकाथाना।
8. श्रीमान् वार्ड पार्षद श्री / श्रीमती..........................................................................................................
9. समस्त शाखा प्रभारी को पालनार्थ।
10. गार्ड पत्रावली।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका नीमकाथाना**